NT>

Title: Need to connect important cities of Madhya Pradesh with other metropolitan cities by air.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : सभापति महोदय, भारत का हृदयस्थल मध्य प्रदेश एक कृिा प्रधान क्षेत्र होकर अनेक उद्योगों में भी अग्रणी स्थान रखता है। आगे भी औद्योगिक विकास की प्रचुर संभावनायें हैं। किन्तु यातायात के आम प्रबंध न होने से काफी कठिनाइयां हैं। जहां सड़क यातायात भी अन्य राज्यों की तुलना में ठीक नहीं है, वहीं वायु मार्ग से भी प्रदेश के प्रमुख नगरों के लिये देश के महानगरों से सीधा सम्पर्क नहीं है। पूर्व में भोपाल का चेन्नई व कोलकाता से वायुमार्ग का सबंध किन्तु यह बंद कर दिया गया है। इसी प्रकार जबलपुर व ग्वालियर का सम्पर्क भी प्राय: नहीं सा है और आज वह भी बंद है। उन्हें पुन: चालू किया जाये। उज्जैन, नीमच जैसे प्रमुख औद्योगिक व केन्द्रीय सरकार के महत्वपूर्ण विभाग यहां हैं। नीमच में सी.आर.पी.एफ. का बड़ा प्रशिक्षण केन्द्र है, जहां हजारों की संख्या में सी.आर.पी.एफ. के जवान व अधिकारी हैं। नारकोटिक्स विभाग के केंद्रीय अधिकारीगण सैंकडों की संख्या में हैं व जिला मुख्यालय भी है। पास ही विक्रम सीमेंट की तीन ईकाइयां हैं जहां से उनके वरिठ अधिकारियों का आवागमन होता रहता है।

ऐसी दशा में नीमच को भोपाल व इन्दौर से जोड़ा जाकर दिल्ली-मुबई से भी जोड़ा जाये। अत: आपके माध्यम से नागर विमानन मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि इस संबंध में अविलम्ब कार्यवाही करने का कट करें।